## जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 03.02.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 03.02.2024 को सायं 05.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित यादव, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 पुष्पेन्द कुमार, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 सोनू कुमार, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
8. श्री के0एन0 पाण्डेय, विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, अलीपुर खेड़ा सुल्तानगंज, मैनपुरी।
9. इं0 सिरजीरेड्डी निवासउलू, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
10. इं0 अनिल शाह सिंह, डी0पी0एम0, फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0, मैनपुरी।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>गृह पेयजल संयोजन की प्रगतिः–</u> जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद में गृह पेयजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 259849 नग के सापेक्ष अब तक 212879 नग (81.92%) संयोजन किये गये हैं। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी एजेन्सी के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया कि अवशेष गृह पेयजल संयोजन को मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करें।

<u>अवर जलाशय की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता, जल निगम, मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया जनपद में 479 अवर जलाशय लक्षित है जिसमें से 33 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी एजेन्सी के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए अवर जलाश्य के लक्ष्यों को मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

<u>हर घर जल सर्टिफिकेशनः–</u> अधिशासी अभियंता, जल निगम, मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया जनपद में 810 नग राजस्व ग्राम को हर घर जल सर्टिफिकेशन लक्षित है जिसमें से 42 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित करा दिये गये है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत हर घर जल प्रमाणित करें।

<u>सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–</u> अद्योहस्ताक्षरी को मा0 जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस द्वारा प्रायः शिकायते प्राप्त हो रही हैं कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कें कई माह तक खुदी पड़ी रहती हैं जिससे आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर सड़क पुर्नस्थापना का कार्य मानकानुसार मार्च 2024 तक शत्–प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें, जिससे जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े।

<u>मशीनरी/मैनपावरः–</u> अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान मे 3600 मैनपावर उपलब्ध है, जबकि लक्ष्यों को पूर्ण कराने हेतु 7000 मैनपावर की आवश्यकता है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को

letter-25573 (B)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर तत्काल दो गुनी मैनपावर बढ़ाते हुए कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिस पर कार्यदायी संस्था के संयुक्त महाप्रबन्धक द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

(नेहा बन्धु)
आई०ए०एस०
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।

पत्रांक– 301 / जल जीवन मिशन / 88 दिनांक– 17/02/2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक), खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
6. संयुक्त महाप्रबन्धक, एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. डी०पी०एम०, टी०पी०आई०, मैनपुरी।

17.2.24

मुख्य विकास अधिकारी
मैनपुरी।

letter- 25573 (B)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner